www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET Paper 2 December 26, 2010 Shift 1 Sociology Question Paper

## PAPER-II
## SOCIOLOGY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________
   (Name) ______________________________
2. (Signature) ___________________________
   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.___________________________________
(In words)

**D 0 5 1 0**

Time : 1 $^1/_4$ hours]

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **50**

### Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।
11. किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।
12. गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।

prepp Your Personal Exams Guide

# SOCIOLOGY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** "We belong to associations, not to institutions." Who among the following said so ?

(A) Ogburn
(B) Sutherland
(C) Giddens
(D) MacIver

**2.** Which of the following statements are correct ? Answer by using the correct code given below :

(a) A class system of social stratification may be regarded as a 'closed' system.
(b) It may be regarded as an 'open' system.
(c) In the class system, a person cannot move up or down in the social hierarchy.
(d) The class system is usually distinguished by social mobility.

**Codes :**
(A) (b) and (c)
(B) (b) and (d)
(C) (a) and (d)
(D) (a) and (c)

**3.** An example of an ex-criminal's conformity to social norms may be called

(A) Socialisation
(B) Re-socialisation
(C) De-socialisation
(D) Non-socialisation

**4.** Match the following methods of investigation of social phenomena (List – I) with the names (List – II) of authors associated with them :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Logico-experimental | 1. | Durkheim |
| (b) | Dialectical | 2. | Pareto |
| (c) | Ideal typical | 3. | Marx |
| (d) | Functional | 4. | Weber |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 1 | 3 | 4 | 2 |

**5.** Which one of the following is not an example of a community ?

(A) The Red Indians
(B) The Muria
(C) The Andman Icelanders
(D) The Rashtriya Swayamsewak Sangh

**6.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Sub-culture | 1. | Hippie |
| (b) | Contra-culture | 2. | Language |
| (c) | Vehicle of culture | 3. | Army |
| (d) | Culture clash | 4. | Ayodhya Temple Movement |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

## समाजशास्त्र
### प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** "हम संस्थाओं से नहीं (परन्तु) एसोसिएशन (समितियों) से सम्बन्धित होते हैं", यह किसने कहा है ?
(A) ऑगबर्न
(B) सदरलैंड
(C) गिडेन्स
(D) मैकाइवर

**2.** निम्नलिखित कथनों में से कौन से सही हैं ? नीचे दिये गये कूटों की सहायता से उत्तर दें :
(a) सामाजिक स्तरीकरण की वर्ग व्यवस्था को 'बन्द' व्यवस्था समझा जा सकता है ।
(b) इसे 'खुली' व्यवस्था समझा जा सकता है ।
(c) वर्ग व्यवस्था में, व्यक्ति सामाजिक सोपान तन्त्र में ऊपर या नीचे नहीं जा सकता है ।
(d) वर्ग व्यवस्था को सामान्यत: सामाजिक गतिशीलता द्वारा पृथक किया जाता है ।

**कूट :**
(A) (b) और (c)
(B) (b) और (d)
(C) (a) और (d)
(D) (a) और (c)

**3.** किसी पूर्व-अपराधी द्वारा सामाजिक मानकों का अनुपालन किसका उदाहरण कहा जा सकता है ?
(A) समाजीकरण
(B) पुन:समाजीकरण
(C) वि-समाजीकरण
(D) अ-समाजीकरण

**4.** सूची – I (सामाजिक परिदृश्य के जाँच पड़ताल की पद्धतियाँ) को सूची – II (लेखकों के नाम) के साथ सुमेलित करें :

| सूची – I | | सूची – II | |
|---|---|---|---|
| (a) | तर्क प्रयोगात्मक | 1. | दुर्खीम |
| (b) | द्वंद्वात्मक | 2. | पैरेटो |
| (c) | आदर्श प्ररूपिक | 3. | मार्क्स |
| (d) | प्रकार्यात्मक | 4. | वेबर |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 1 | 3 | 4 | 2 |

**5.** समुदाय का उदाहरण कौन सा नहीं है ?
(A) रेड इंडियन्स
(B) मुरिया
(C) अंडमान आइसलैंडर्स
(D) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**6.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| सूची – I | | सूची – II | |
|---|---|---|---|
| (a) | उप-संस्कृति | 1. | हिप्पी |
| (b) | विपर्यय संस्कृति | 2. | भाषा |
| (c) | संस्कृति का वाहन | 3. | सेना |
| (d) | संस्कृति टकराव | 4. | अयोध्या मन्दिर आन्दोलन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

7. Who among the following used sociometry for the first time ?
(A) Lundberg (B) Moreno
(C) Bogardus (D) Burgess

8. One of the following does not form part of social action typology presented by Weber. Identify.
(A) Democratic
(B) Traditional
(C) Evaluative
(D) Rational

9. Identify which one of the following does not constitute an element of culture :
(A) Family
(B) Values
(C) Dress
(D) Ways of behaviour

10. In his sociological explanation of religion, Durkheim made certain observations. Select the correct ones from the codes given below :
(a) Religion is mental illness.
(b) God is only society personified.
(c) Religion brings salvation for the suffering humanity.
(d) The kingdom of heaven is a glorified society.

**Codes :**
(A) (a) and (b)
(B) (b) and (c)
(C) (a) and (c)
(D) (b) and (d)

11. Which of the following is not an example of primary group ?
(A) Neighbourhood
(B) School
(C) Friends Circle
(D) The State Bank of India

12. The State is an example of which of the following ?
(A) Primary group
(B) Community
(C) Association
(D) Government

13. Classification of groups into ingroup and outgroup categories was presented by who among the following ?
(A) Tonnies
(B) Cooley
(C) Homans
(D) Sumner

14. Who has divided functions of family into following six categories ?
(i) Affectional
(ii) Economic
(iii) Recreational
(iv) Protective
(v) Religious
(vi) Educational

(A) MacIver
(B) Ogburn and Nimkoff
(C) G.H. Sprott
(D) Arnold Green

15. Who has defined the Hindu Joint Family as "a group constituted of known ancestors and adopted sons and relatives related to these sons through marriage" ?
(A) Henry Maine
(B) Kingsley Davis
(C) R.M. MacIver
(D) H.M. Johnson

16. The first significant contribution to the study of kinship was made by
(A) Tylor
(B) Morgan
(C) Malinowski
(D) Redcliffe-Brown

**7.** समाजमिति का उपयोग सर्वप्रथम किसने किया है ?

(A) लुंडबर्ग (B) मोरेनो
(C) बोगारडस (D) बर्गेस

**8.** वेबर द्वारा प्रस्तुत सामाजिक क्रिया प्ररूपविज्ञान का हिस्सा निम्नांकित में एक नहीं है, पहचानें :

(A) जनतान्त्रिक
(B) पारम्परिक
(C) मूल्यांकन
(D) तर्कणापरक

**9.** संस्कृति का तत्त्व निम्नांकित में से कौन सा नहीं है ?

(A) परिवार
(B) मूल्य (मान)
(C) पोशाक (पहनावा)
(D) व्यवहार के ढंग

**10.** धर्म की अपनी समाजशास्त्रीय व्याख्या में दुर्खीम ने कुछ अवलोकन किये । नीचे दिये कूटों से सही अवलोकनों का चयन करें :

(a) धर्म एक मानसिक रोग है ।
(b) समाज का मानवीकरण ही प्रभु है ।
(c) कष्ट पा रही मानवता को धर्म मुक्ति देता है ।
(d) परलोक का राज्य गौरवान्वित समाज है ।

**कूट :**

(A) (a) और (b)
(B) (b) और (c)
(C) (a) और (c)
(D) (b) और (d)

**11.** प्राथमिक समूह का उदाहरण निम्नांकित में से कौन सा नहीं है ?

(A) पास-पड़ोस
(B) स्कूल
(C) मित्रों का समूह
(D) भारतीय स्टेट बैंक

**12.** राज्य निम्नांकित में से किसका उदाहरण है ?

(A) प्राथमिक समूह
(B) समुदाय
(C) समिति
(D) सरकार

**13.** समूहों का अंत:समूह और बाह्य समूह में वर्गीकरण किसने प्रस्तुत किया था ?

(A) टॉनीस्
(B) कूले
(C) होमेन्स
(D) समनर

**14.** परिवार के कार्यों को निम्नांकित छः वर्गों में किसने विभाजित किया है ?

(i) भावनात्मक
(ii) आर्थिक
(iii) मनोरंजनात्मक
(iv) संरक्षणात्मक
(v) धार्मिक
(vi) शैक्षिक

(A) मैकाइवर
(B) ऑगबर्न एवं निमकॉफ
(C) जी.एच. स्प्रौट
(D) अरनॉल्ड ग्रीन

**15.** 'ज्ञात पूर्वजों और दत्तकग्रहण पुत्रों और विवाह के जरिये इन पुत्रों से सम्बन्धित रिश्तेदारों के समूह' के रूप में हिन्दू संयुक्त परिवार की व्याख्या किसने की है ?

(A) हेनरी मेन
(B) किंगस्ले डेविस
(C) आर.एम. मैकाइवर
(D) एच.एम. जॉन्सन

**16.** नातेदारी के अध्ययन में प्रथम महत्त्वपूर्ण योगदान किसने किया ?

(A) टेलर
(B) मॉर्गन
(C) मैलिनोवस्की
(D) रेडक्लिफ ब्राउन

**17.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below the list :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Family and kinship among Pandits of Kashmir | 1. Robin Fox |
| (b) Kinship and Marriage | 2. G.S. Ghurye |
| (c) Elementary structures of kinship | 3. Radhakamal Mukherjee |
| (d) Family and kin, in Indo-European culture | 4. T.N. Madan |
| | 5. C. Levi-Strauss |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 5 | 2 |
| (B) | 4 | 1 | 5 | 2 |
| (C) | 4 | 2 | 3 | 5 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**18.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R).

**Assertion (A) :** Caste as a social group cannot be called a community.

**Reason (R) :** Caste does have social coherence but it lacks the community's territorial basis.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**19.** Which of the following pairs are correctly matched ?

| | | |
|---|---|---|
| (1) | Sanskritization | M.N. Srinivas |
| (2) | Little and Great Tradition | McKim Marriott |
| (3) | Brahminisation | Aiyappan |
| (4) | Parochialization | F.G. Bailey |

Select the correct answer using the codes given below :

**Codes :**

(A) 2, 3 and 4
(B) 1, 3 and 4
(C) 1, 2 and 4
(D) 1, 2 and 3

**20.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Caste is a closed system | 1. Louis Dumont |
| (b) Caste is a closed organic stratification | 2. Gunar Myrdal |
| (c) Caste is an extreme form of equality | 3. Fredrick Bailey |
| (d) Caste is an expression of hierarchy rather than stratification | 4. Max Weber |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (D) | 4 | 2 | 3 | 1 |

www.prepp.in

**17.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) फैमिली एण्ड किनशिप अमंग पंडितस् ऑफ काश्मीर | 1. रॉबिन फोक्स |
| (b) किनशिप एण्ड मैरिज | 2. जी.एस. घुरिये |
| (c) एलीमेंटरी स्ट्रक्चर्स ऑफ किनशिप | 3. राधाकमल मुकर्जी |
| (d) फैमिली एण्ड किन इन इण्डो-यूरोपियन कल्चर | 4. टी.एन. मदान |
| | 5. सी. लेविस्ट्रॉस |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 5 | 2 |
| (B) | 4 | 1 | 5 | 2 |
| (C) | 4 | 2 | 3 | 5 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**18.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है । नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

**अभिकथन (A)** : एक सामाजिक समूह के रूप में जाति को समुदाय नहीं कहा जा सकता है ।

**कारण (R)** : जाति का सामाजिक सामंजस्य तो होता है, परन्तु उसमें समुदाय के क्षेत्रीय आधार का अभाव रहता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**19.** निम्नांकित में से कौन सा जोड़ा सही सुमेलित है ?

(1) संस्कृतिकरण – एम.एन. श्रीनिवास

(2) लघु एवं वृहद परम्परा – मैकिम मेरिऑट

(3) ब्राह्मणीकरण – अइयाप्पन

(4) संकुचितिकरण – एफ.जी. बेले

नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

**कूट :**

(A) 2, 3 और 4

(B) 1, 3 और 4

(C) 1, 2 और 4

(D) 1, 2 और 3

**20.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) जाति बंद व्यवस्था है । | 1. लूई ड्युमॉ |
| (b) जाति बंद सावयवी स्तरीकरण है । | 2. गुन्नर मिर्डाल |
| (c) जाति समानता का चरम रूप है । | 3. फ्रेडरिक बेली |
| (d) जाति सोपान क्रम की अभिव्यक्ति है बजाय स्तरीकरण की । | 4. मैक्स वेबर |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (D) | 4 | 2 | 3 | 1 |

prepp
Your Personal Exams Guide

**21.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (a) | Opposition of purity-pollution | 1. | S. Sinha |
| (b) | Tribe-caste-Peasant continuum | 2. | L. Dumont |
| (c) | Attributional and International analysis | 3. | McKim Marriott |
| | | 4. | M.N. Srinivas |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) |
|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 1 | 3 | 4 |
| (C) | 2 | 1 | 3 |
| (D) | 2 | 3 | 1 |

**22.** Choose the right arrangement of the following stages of socialization in a sequence from the codes given below :

(a) Anticipatory
(b) Child
(c) Infant
(d) Adult
(e) Adolescent

**Codes :**

(A) a c b e d
(B) e c b d a
(C) c b e d a
(D) b c d e a

**23.** Which one of the following is an example of 'generalized others' ?

(A) Community
(B) Friends
(C) Peer group
(D) Parents

**24.** Who among the following has analysed the stages of social evolution as simple, compound, double compound and trebly compound ?

(A) L.H. Morgan
(B) E.B. Tylor
(C) E. Durkheim
(D) H. Spencer

**25.** Some social change occurs without being noticed by most members of a society is known as

(A) Manifest change
(B) Latent change
(C) Relative change
(D) Absolute change

**26.** Who among the following does not belong to cyclical theory of social change ?

(A) Spencer
(B) Toynbee
(C) Lipset
(D) Hobhouse

**27.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below the Table :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (a) | Cyclical | 1. | Vico |
| (b) | Linear | 2. | Sorokin |
| (c) | Fluctuation | 3. | Spengler |
| (d) | Spiral | 4. | Spencer |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**21.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | शुद्धता प्रदूषण का विरोध | 1. | एस. सिन्हा |
| (b) | जनजाति-जाति-कृषक सांतत्यक | 2. | एल. ड्युमॉ |
| (c) | गुणारोपीय एवं अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषण | 3. | मेकिम मेरियॉट |
| | | 4. | एम.एन. श्रीनिवास |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) |
|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 1 | 3 | 4 |
| (C) | 2 | 1 | 3 |
| (D) | 2 | 3 | 1 |

**22.** समाजीकरण की निम्नांकित अवस्थाओं के अनुक्रम को ठीक तरह से व्यवस्थित करें । नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

(a) पूर्वाभासी
(b) बच्चा
(c) शिशु
(d) प्रौढ़
(e) किशोर

**कूट :**

(A) a, c, b, e, d
(B) e, c, b, d, a
(C) c, b, e, d, a
(D) b, c, d, e, a

**23.** 'सामान्यीकृत अन्य' का उदाहरण कौन सा है ?

(A) समुदाय
(B) मित्र
(C) साथी समूह
(D) अभिभावक

**24.** सामाजिक उद्विकास की अवस्थाओं का विश्लेषण सरल, यौगिक, दुगुनी यौगिक और तिगुनी यौगिक के रूप में किसने किया है ?

(A) एल.एच. मॉर्गन
(B) इ.बी. टेलर
(C) इ. दुर्खीम
(D) एच. स्पेंसर

**25.** समाज के अधिकांश सदस्यों के ध्यान दिये बिना कुछ सामाजिक परिवर्तन होता है । इसे क्या कहते हैं ?

(A) प्रत्यक्ष परिवर्तन
(B) प्रच्छन्न परिवर्तन
(C) सापेक्ष परिवर्तन
(D) निरपेक्ष परिवर्तन

**26.** सामाजिक परिवर्तन के चक्रीय सिद्धान्त से कौन सम्बन्धित नहीं है ?

(A) स्पेंसर
(B) टॉयनबी
(C) लिपसेट
(D) हॉबहाउस

**27.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | चक्रीय | 1. | विको |
| (b) | रैखिक | 2. | सोरोकिन |
| (c) | उतार-चढ़ाव | 3. | स्पेंगलर |
| (d) | सर्पिल | 4. | स्पेंसर |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**28.** According to Radcliffe-Brown, a society with a condition of functional disunity rarely dies, instead, it ………..

(i) Struggles towards the new state of eunomia.

(ii) Might change its structural pattern.

(iii) Throws itself into disarray.

(iv) Changes its identity.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (i) and (ii) are correct

(B) (ii) and (iii) are correct

(C) (i) and (iii) are correct

(D) (iii) and (iv) are correct

**29.** Which one of the following is not associated with Malinowski's three levels of system in hierarchic order ?

(A) Symbolic system

(B) Social structural system

(C) Personality system

(D) Biological system

**30.** Who laid down the distinction between historical and functional types of inquiry ?

(A) Radcliffe-Brown

(B) Durkheim

(C) Parsons

(D) Merton

**31.** Match the List – I with List – II and choose the correct answer from the codes given below the lists.

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Affectivity-affective neutrality | (i) | Whether actors be assessed in terms of same standards |
| (b) | Diffuseness-specificity | (ii) | Whether actors be assessed in terms of achievement or ascription |
| (c) | Universalism - particularism | (iii) | Appropriate emotional expression in an interaction |
| (d) | Achievement - ascriptive | (iv) | Appropriate obligations in a relationship |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

**32.** Which of the following functional imperatives of Talcott Parsons is associated with 'Pattern maintenance and tension management' ?

(A) Adaptation

(B) Goal attainment

(C) Integration

(D) Latency

**33.** Robert K. Merton stated that a cultural item can have diverse and varied consequences for individuals, groups, society and culture. To which of his functional postulates this statement is related ?

(A) Functional unity

(B) Universal functionalism

(C) Functional indispensability

(D) None of the above

**28.** रेडक्लिफ-ब्राउन के अनुसार प्रकार्यात्मक बिखराव की स्थिति के साथ समाज विरले ही समाप्त होता है, इसके बजाय यह ........

(i) यूनोमिया की नवस्थिति की ओर बढ़ने की कोशिश करता है ।

(ii) अपने संरचनात्मक प्रतिमान को बदल सकता है ।

(iii) अपने को विशृंखलित कर सकता है ।

(iv) अपनी पहचान को बदल देता है ।

नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

**कूट :**

(A) (i) और (ii) सही हैं ।

(B) (ii) और (iii) सही हैं ।

(C) (i) और (iii) सही हैं ।

(D) (iii) और (iv) सही हैं ।

**29.** निम्नांकित में से कौन सा मेलिनोवस्की के सौपानिक क्रम में व्यवस्था के तीन स्तरों के साथ सम्बन्धित नहीं है ?

(A) प्रतीकात्मक व्यवस्था

(B) सामाजिक संरचनात्मक व्यवस्था

(C) व्यक्तित्व व्यवस्था

(D) जैवकीय व्यवस्था

**30.** खोजपूर्ण जाँच के प्रकार्यात्मक एवं ऐतिहासिक प्रकारों के बीच किसने भेद किया है ?

(A) रेडक्लिफ-ब्राउन

(B) दुर्खीम

(C) पारसन्स

(D) मर्टन

**31.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | भावनात्मकता – भावनात्मक तटस्थता | (i) | क्या कर्त्ताओं का मूल्यांकन एक समान मानकों के सम्बन्ध में किया जाना चाहिए । |
| (b) | प्रसरणता – विशिष्टता | (ii) | क्या उपलब्धि अथवा प्रदत्त के सम्बन्ध में कर्त्ताओं का मूल्यांकन होना चाहिए । |
| (c) | सार्वभौमिकता – विशिष्टतावाद | (iii) | अंत:क्रिया में उपयुक्त भावनात्मक अभिव्यक्ति । |
| (d) | उपलब्धि – प्रदत्तनीय | (iv) | सम्बन्ध में उपयुक्त दायित्व । |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

**32.** टालकॉट पारसन्स के निम्नांकित प्रकार्यात्मक आज्ञापकों में से कौन सा 'पैटर्न (प्रतिमान) कायम रखने और तनाव प्रबन्ध' के साथ सम्बन्धित है ?

(A) अनुकूलन (B) लक्ष्य प्राप्ति

(C) एकीकरण (D) प्रच्छन्नता

**33.** रॉबर्ट के. मर्टन के कथनानुसार व्यक्तियों, समूहों, समाज और संस्कृति के लिये सांस्कृतिक मद के विविध एवं विभिन्न परिणाम हो सकते हैं । उसके किस प्रकार्यात्मक आधारभूत तत्त्व के साथ यह कथन सम्बन्धित है ?

(A) प्रकार्यात्मक एकता

(B) सार्वभौमिक प्रकार्यवाद

(C) प्रकार्यात्मक अपरिहार्यता

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

34. 'An action is determined by a conscious belief in the value for its own sake.' This statement is applicable to which of the following types of action propounded by Max Weber ?
(A) Action based on Means-end rationality
(B) Action based on value rationality
(C) Affectual action
(D) Traditional action

35. Which one of the following is associated with Pareto's concept of non-logical action ?
(A) Non-scientific belief systems are the determinants of action
(B) Non-scientific belief systems are not the determinants of action.
(C) Non-scientific belief systems are the expressions of deep seated sentiments.
(D) None of the above.

36. Which of the following statements distinguishes 'I' from 'Me' ?
(A) 'I' is given importance in modern society and 'Me' is given importance in primitive society.
(B) Important values are located in 'I' but not in 'Me'.
(C) 'I' is immediate response to others while 'Me' is the organised set of attitudes of others.
(D) None of the above

37. Which of the following is not related to functional theory of Durkheim ?
(A) Society can be reduced to parts
(B) Society can be decomposed into its constituent parts.
(C) System parts fufill basic needs of the whole.
(D) System can be normal only when equilibrium is maintained.

38. Who paid attention to positive dimensions of conflict ?
(A) Coser
(B) Dahrendorf
(C) Collins
(D) Simmel

39. Two statements are given here, one is labelled as Assertion (A) and other as Reason (R).

**Assertion (A) :** Symbolic interactionist tend to accord causal significance to social interaction.

**Reason (R) :** Meaning stems from not from solitary mental process but from interaction.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

40. Who has used historical comparative method in the study of West European societies ?
(A) Emile Durkheim
(B) Max Weber
(C) L.H. Morgan
(D) T. Veblen

41. Who among the classical sociologists has used quantitative method in comparative analysis ?
(A) Karl Marx
(B) Max Weber
(C) Emile Durkheim
(D) Auguste Comte

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**34.** 'क्रिया का निर्धारण उसके अपने लिये उपयोगिता में चेतन विश्वास द्वारा होता है ।' यह कथन मैक्स वेबर द्वारा प्रतिपादित निम्नांकित प्रकार की क्रियाओं में से किसके लिए प्रयुक्त होता है ?

(A) साधन-लक्ष्य युक्तियुक्तता पर आधारित क्रिया ।
(B) उपयोगिता युक्तियुक्तता पर आधारित क्रिया ।
(C) भावनात्मक क्रिया ।
(D) पारम्परिक क्रिया ।

**35.** निम्नांकित में से कौन सा पैरेटो के अ-तार्किक क्रिया की अवधारणा से सम्बन्धित है ?

(A) अवैज्ञानिक धारणा व्यवस्थाएँ क्रिया के निर्धारक हैं ।
(B) अवैज्ञानिक धारणा व्यवस्थाएँ क्रिया के निर्धारक नहीं हैं ।
(C) अवैज्ञानिक धारणा व्यवस्थाएँ गहरी आसीन भावनाओं की अभिव्यक्तियाँ हैं ।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**36.** निम्नांकित कथनों में से कौन सा 'I' और 'Me' में भेद करता है ?

(A) 'I' को आधुनिक समाज में महत्त्व दिया जाता है और 'Me' को पुरातन समाज में महत्त्व दिया जाता है ।
(B) महत्त्वपूर्ण मूल्य 'I' में स्थित है 'Me' में नहीं ।
(C) 'I' दूसरों के प्रति तुरन्त प्रतिक्रिया है जब कि 'Me' दूसरों की अभिवृत्तियों का संगठित समूह है ।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**37.** निम्नांकित में से कौन सा दुर्खीम के प्रकार्यात्मक सिद्धान्त से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) समाज को खण्डों में न्यूनीकृत किया जा सकता है ।
(B) समाज को उसके संघटक भागों में अपघटित किया जा सकता है ।
(C) व्यवस्था के भाग पूर्ण की मूलभूत जरूरतों को पूरा करते हैं ।
(D) व्यवस्था सामान्य केवल तभी होती है जब सन्तुलन को बनाये रखा जाता है ।

**38.** संघर्ष के सकारात्मक आयामों पर किसने ध्यान दिया ?

(A) कॉज़र
(B) डहरिनडॉर्फ
(C) कॉलिन्स
(D) ज़िम्मल (सिमेल)

**39.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा है । नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

**अभिकथन (A) :** प्रतीकात्मक अंत:क्रिया करने वाला सामाजिक अंत:क्रिया को कारणात्मक महत्त्व देने लगता है ।

**कारण (R) :** एकान्त मानसिक प्रक्रिया से अर्थ नहीं निकलता है बल्कि अंत:क्रिया से निकलता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**40.** पश्चिमी यूरोपीय समाजों के अध्ययन के लिए किसने ऐतिहासिक तुलनात्मक विधि का प्रयोग किया है ?

(A) इमाइल दुर्खीम
(B) मैक्स वेबर
(C) एल.एच. मॉर्गन
(D) टी. वेब्लेन

**41.** शास्त्रीय समाजशास्त्रियों में से किसने तुलनात्मक विश्लेषण में परिमाणात्मक विधि का प्रयोग किया है ?

(A) कार्ल मार्क्स
(B) मैक्स वेबर
(C) इमाइल दुर्खीम
(D) ऑगस्त कॉम्ते

www.prepp.in

prepp Your Personal Exams Guide

**42.** Who among the following propounded the idea of sociology as 'a natural science of society' ?
(A) B. Malinowski
(B) Talcott Parsons
(C) Claude Levi-Strauss
(D) A.R. Radcliffe-Brown

**43.** Who argued that 'structure is a method not a reality' ?
(A) Claude Levi-Strauss
(B) A.R. Radcliffe-Brown
(C) S.F. Nadel
(D) Talcott Parsons

**44.** Who is known to have used 'participant observation' method in the study of American society ?
(A) B. Malinowski
(B) W.F. Whyte
(C) W.J. Goode
(D) P.F. Hatt

**45.** In which research design hypothesis is not necessarily required ?
(A) Descriptive
(B) Experimental
(C) Diagnostic
(D) Exploratory

**46.** Case-study involves
(A) Quantitative analysis
(B) Quantitative and Qualitative analysis
(C) Qualitative analysis
(D) All the above

**47.** Which of the following takes into account quantity of a position in the array ?
(A) Mean
(B) Mode
(C) Median
(D) All the above

**48.** Who is said to be the founding father of survey research ?
(A) Charles Booth
(B) P.F. Lazarsfeld
(C) R.K. Merton
(D) W.J. Goode

**49.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| | List – I (Term) | | List – II (Statistic) |
|---|---|---|---|
| (a) | Qualitative variables | (i) | Tabulation |
| (b) | Quantitative variables | (ii) | Sampling |
| (c) | Frequency distribution | (iii) | Attributes |
| (d) | Probability | (iv) | Variates |
| | | (v) | Deviation |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**50.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below the lists :

| | List – I (Concept) | | List – II (Authors) |
|---|---|---|---|
| (a) | Participant observation | (i) | Jahoda |
| (b) | Content Analysis | (ii) | Charles Booth |
| (c) | Conjuctural history | (iii) | Malinowski |
| (d) | Research Design | (iv) | Radcliffe-Brown |
| | | (v) | Merton |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (B) | (iii) | (v) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iv) | (iii) | (v) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**42.** निम्नलिखित में से किसने समाजशास्त्र के लिए 'समाज का प्राकृतिक विज्ञान' का विचार प्रतिपादित किया ?
(A) बी. मैलिनॉवस्की
(B) टॉलकॉट पारसन्स
(C) क्लाद लेवी-स्ट्राउस
(D) ए.आर. रैडक्लिफ-ब्राउन

**43.** किसने यह तर्क दिया कि 'संरचना एक विधि है, न कि यथार्थ' ?
(A) क्लाद लेवी-स्ट्राउस
(B) ए.आर. रैडक्लिफ-ब्राउन
(C) एस.एफ. नाडेल
(D) टॉलकॉट पारसन्स

**44.** अमेरिकी समाज के अध्ययन में 'सहभागी अवलोकन' विधि के प्रयोग के लिये किसे जाना जाता है ?
(A) बी. मैलिनॉवस्की
(B) डब्ल्यू.एफ. ह्वाइट
(C) डब्ल्यू.जे. गुडे
(D) पी.एफ. हाट

**45.** किस प्रकार की शोध प्ररचना के लिये परिकल्पना अनिवार्यत: आवश्यक नहीं होती है ?
(A) वर्णनात्मक
(B) प्रयोगात्मक
(C) निदानात्मक
(D) अन्वेषणात्मक

**46.** एकल अध्ययन में सम्मिलित है
(A) परिमाणात्मक विश्लेषण ।
(B) परिमाणात्मक और गुणात्मक विश्लेषण ।
(C) गुणात्मक विश्लेषण ।
(D) उपर्युक्त सभी ।

**47.** किसी संख्यात्मक शृंखला में किसी पद की परिमाणात्मकता का ध्यान निम्नलिखित में से किस में रखा जाता है ?
(A) माध्य
(B) बहुलक
(C) माध्यिका
(D) उपर्युक्त सभी ।

**48.** सर्वेक्षण शोध का संस्थापक जनक किसे कहा जाता है ?
(A) चार्ल्स बूथ
(B) पी.एफ. लाज़ार्सफेल्ड
(C) आर.के. मर्टन
(D) डब्ल्यू.जे. गुडे

**49.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिए गये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| सूची – I (शब्द) | सूची – II (संख्या-सूचक) |
|---|---|
| (a) गुणात्मक चर | (i) सारिणीयन |
| (b) परिमाणात्मक चर | (ii) निदर्शन |
| (c) बारंबारता वितरण | (iii) विशेषताएँ |
| (d) संभावना (प्रायिकता) | (iv) चर परिमाण |
| | (v) विचलन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**50.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| सूची – I (अवधारणा) | सूची – II (लेखक) |
|---|---|
| (a) सहभागी अवलोकन | (i) जहोदा |
| (b) विषयवस्तु विश्लेषण | (ii) चार्ल्स बूथ |
| (c) आनुमानिक इतिहास | (iii) मैलिनॉवस्की |
| (d) शोध डिज़ाइन | (iv) रेडक्लिफ-ब्राउन |
| | (v) मर्टन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (B) | (iii) | (v) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iv) | (iii) | (v) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide